हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी




## रोहतक की शेफाली ने उड़ाया गरदा

| | |
|---|---|
| 87 रन | 78 गेंद |
| 07 चौके | 02 छक्के |
| 111.54 स्ट्राइक रेट | |
| विकेट : 02 | |

# बेटियों ने छू लिया आसमान

# 52 साल बाद भारत महिला क्रिकेट विश्व कप चैंपियन

## दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर जीती ट्रॉफी

**नवी मुंबई (भाषा)।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए रविवार को यहां वनडे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 53 रन से हराकर पहली आईसीसी ट्रॉफी जीती। भारत ने शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 रन) के अर्धशतक की बदौलत सात विकेट पर 298 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम दीप्ति शर्मा के पांच झटकों के सामने कप्तान लौरा वोलवार्ट (101 रन) के शतक के बावजूद 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति ने 39 रन देकर पांच विकेट झटके। शेफाली वर्मा ने भी दो विकेट और श्री चरणी ने एक विकेट हासिल किया। इससे पहले शेफाली ने वनडे में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाये। *(विस्तृत खबर खेल पेज पर)*

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भारत | 298/7(50) |
| 1 | द. अफ्रीका | 246 (50) |

- **पहली बार किसी आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया**
- **2 बार फाइनल में हार के बाद चखा जीत का स्वाद**
- **वनडे वर्ल्ड कप में 25 साल बाद नई टीम बनीं चैंपियन**

## शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द मैच, दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

- महिला विश्व कप की शुरुआत 52 साल पहले 1973 में हुई थी। तब भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। 1978 में इंडिया महिला टीम ने डायना एडल्जी की कप्तानी में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। तब से टीम को पहला टाइटल जीतने में 47 साल लग गए।
- 2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ही सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया।
- 2025 में टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराया, लेकिन इस बार फाइनल में द. अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी जीत ही ली।
- इंडिया महिला सीनियर टीम की यह किसी भी फॉर्मेट में पहली आईसीसी ट्रॉफी रही। टीम एक बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी हार चुकी है।
- विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में 25 साल बाद नई टीम चैंपियन बनी। 2000 में आखिरी बार न्यूजीलैंड ने खिताब जीता था। इनके अलावा 7 बार ऑस्ट्रेलिया और 4 बार इंग्लैंड ही चैंपियन बनी।



दीप्ति शर्मा
58 रन, 58 गेंद, 01 चौका, 05 विकेट

### भारत का 15वां आईसीसी खिताब

टीम इंडिया ने सीनियर और अंडर-19 लेवल पर 15वां आईसीसी टाइटल जीता। मेंस टीम 2 वनडे वर्ल्ड कप, 2 टी-20 वर्ल्ड कप और 3 चैंपियंस ट्रॉफी जीत चुकी है। वहीं अंडर-19 लेवल पर मेंस टीम ने 5 और विमेंस टीम ने 2 वर्ल्ड कप जीते। अब विमेंस सीनियर टीम ने वनडे वर्ल्ड कप के रूप में अपना पहला आईसीसी टाइटल जीता और भारत को 15वीं आईसीसी ट्रॉफी दिला दी। भारत अब बस ऑस्ट्रेलिया से पीछे हैं, जिन्होंने 27 आईसीसी टाइटल जीते हैं।


### अच्छी शुरुआत से 298 रन बनाए

साउथ अफ्रीका ने पहले बॉलिंग चुनी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप की और भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। मंधाना 45 रन बनाकर आउट हुईं। शेफाली ने फिर जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ 62 रन की पार्टनरशिप की। शेफाली 87 और जेमिमा 24 रन बनाकर आउट हो गईं। 2 विकेट जल्दी गिर जाने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दीप्ति शर्मा के साथ 52 रन की पार्टनरशिप कर ली। हरमन 20 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद अमनजोत कौर भी 12 रन ही बना सकीं।

### पीएम मोदी ने टीम को दी शुभकामनाएं



*पीएम नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा रहा। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।*



## पंकज संग प्रणय सूत्र में बंधी रानी रामपाल

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्मश्री अवार्डी रानी रामपाल रविवार को शादी के बंधन में बंध गई। रानी ने कुरुक्षेत्र के चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज के साथ कुरुक्षेत्र के निजी पैलेस में विवाह रचाया। समारोह में खेल जगत से जुड़े दिग्गज खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। अपने करिअर में रानी ने 254 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 200 से अधिक गोल किए। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार, पद्मश्री और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न जैसे सम्मान मिले।

# इसरो ने सबसे भारी संचार उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 4,000 किलोग्राम से अधिक वजनी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को रविवार को प्रक्षेपित किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह भारत की धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी उपग्रह है। यह उपग्रह एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया गया, जिसे इसकी भारी भारोत्तोलन क्षमता के लिए 'बाहुबली' नाम दिया गया है।



### 'बाहुबली' नाम

इसरो ने बताया कि 4,000 किलोग्राम तक भारी पेलोड ले जाने की क्षमता के कारण 'बाहुबली' नाम से जाना जाने वाला 43.5 मीटर लंबा यह यान रविवार को शाम पांच बजकर 26 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया। उसने बताया कि एलवीएम3 (प्रक्षेपण यान मार्क-3) इसरो का भारी वजन वहन करने वाला नया प्रक्षेपण यान है और इसका उपयोग 4,000 किलोग्राम के अंतरिक्ष यान को किफायती तरीके से जीटीओ में स्थापित करने के लिए किया गया।

# व्हाट्सऐप व सोशल मीडिया से नोटिस नहीं भेजा जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** अग्रिम ज़मानत के एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि व्हाट्सएप या ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए नोटिस नहीं भेजा जाना चाहिए। खंडपीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक व्यक्ति पर अपनी ही पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप है। उस पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है। इसके बाद न्यायालय ने संबंधित पुलिस को निर्देश दिया कि वह पीड़िता को दो सप्ताह के भीतर सेवा प्रदान करे। याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का अंतरिम आदेश जारी रहेगा। जस्टिस कुमार की टिप्पणी पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा शिकायतकर्ता हमारे व्हाट्सएप संदेशों का जवाब नहीं दे रही है। हमने जांच अधिकारी से भी अनुरोध किया।



दुष्कर्म के मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी

**तेज रफ्तार कार ने रोहतक में बाइक को मारी टक्कर**

# भंडारे में प्रसाद बनाकर लौट रहे तीन हलवाइयों की मौत

**रोहतक/सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** सोनीपत के रहने वाले 3 हलवाइयों की रोहतक में सड़क हादसे में मौत हो गई। तीनों रोहतक के खरावड़ गांव में आयोजित बाबा श्याम के भंडारे में खाना बनाने गए थे। शनिवार रात लौटते समय उनकी बाइक को पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी, जिसमें तीनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीजीआई की मॉर्च्युरी में रखवा दिए। पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



### धार्मिक आयोजनों में बनाते थे मिठाई

मृतकों की पहचान ईश्वर सिंह (60), धर्मेंद्र (45) और राहुल (28) के रूप में हुई है। ये तीनों सोनीपत के सुंदर सांवरी क्षेत्र में रहते थे। इनका हलवाई का काम था। अक्सर धार्मिक आयोजनों में भोजन व मिठाई बनाने का ठेका लेते थे। रोहतक में भंडारे का ठेका राहुल ने लिया था। इस काम में सुंदर सांवरी के ईश्वर, सुंदर मोहल्ला के धर्मेंद्र और कुछ दिहाड़ी पर काम करने वाली महिलाएं भी शामिल थीं।

### बोहर-भालौठ गांव के बीच हादसा

तीनों हलवाई जब रोहतक के बोहर और भालौठ गांव के बीच सोनीपत रोड पर पहुंचे, तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ईश्वर सिंह और धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। राहुल को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसने भी दम तोड़ दिया।

**स्वास्थ्य विभाग का बड़ा फैसला, भागीदारी बढ़ाने की पहल**

# अब सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिंद व हिप-नी रिप्लेसमेंट की होगी सर्जरी

हरिभमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल एवं सर्जिकल पैकेजों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण करने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत मरीज के उपचार एवं आपरेशन संबंधी कुल 16 मेडिकल-सर्जिकल पैकेज अब केवल सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से ही लाभार्थियों को उपलब्ध होंगे। फरीदाबाद नागरिक अस्पताल के सीएमओ डॉ जयंत आहूजा ने बताया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ये फैसला लिया है।

**16 मेडिकल-सर्जिकल पैकेज उपलब्ध होंगे**

### 5 अति. मेडिकल व सर्जिकल सेवाएं भी मिलेंगी

सरकार ने 5 अतिरिक्त मेडिकल एवं सर्जिकल सेवाओं को, जो पहले निजी एवं सरकारी दोनों अस्पतालों में उपलब्ध थीं, वह अब केवल सूचीबद्ध सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मिलेगी। इनमें फेको इमल्सिफिकेशन आईओएल, एब्डोमिनल हिस्टेरेक्टॉमी, सीओपीडी का तीव्र प्रकोप उपचार, गंभीर निर्जलीकरण के साथ तीव्र गैस्ट्रोएंटेराइटिस तथा बिना सीबीडी एक्सप्लोरेशन के लेप्रोस्कोपिक कोलीसिस्टेकटॉमी शामिल हैं।

### 11 सर्जिकल, आर्थोपेडिक व ईएनटी पैकेज शामिल

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में हरियाणा सरकार ने 11 सर्जिकल, आर्थोपेडिक एवं ईएनटी पैकेजों को भी केवल सूचीबद्ध सरकारी अस्पतालों के लिए सुरक्षित किया है। इनमें टोटल नी एवं हिप रिप्लेसमेंट (प्राइमरी और रिवीजन), टिम्पेनोप्लास्टी, विभिन्न प्रकार की हर्निया सर्जरी (खुली एवं लैप्रोस्कोपिक), अपेंडेक्टोमी, एडेनॉइडेक्टॉमी, टॉन्सिल्लेक्टोमी, हेमरॉयडेक्टमी, हाइड्रोसील ऑपरेशन तथा सर्कमसिजन शामिल हैं। इस निर्णय के तहत कुल 16 अतिरिक्त पैकेज अब केवल सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से ही लाभार्थियों को उपलब्ध होंगे।

**पार्टी की स्थिति और कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल**

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भेजी चिट्ठी**

# कांग्रेस को झटका, अनुशासन समिति की बैठक के बाद पूर्व मंत्री संपत सिंह का पार्टी से इस्तीफा

*पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में नलवा से टिकट न मिलने के बाद चुनाव परिणामों को लेकर संपत सिंह लगातार किसी न किसी बहाने कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे थे।*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री संपत सिंह ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस की अनुशासन समिति की पहली बैठक रविवार को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई। इसके फौरन बाद संपत सिंह ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेजते हुए प्रदेश कांग्रेस की स्थिति पर सवाल उठाए। पिछले दिनों रोहतक की इनेलो रैली में शिरकत करने के अलावा राव नरेन्द्र को प्रदेश अध्यक्ष व भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को सीएलपी लीडर बनाए जाने के बाद वे लगातार सवाल उठा रहे थे। उनकी इनेलो में जाने की अटकले हैं।

### छह बार के निर्वाचित सदस्य



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में संपत सिंह ने कहा है कि मैं हरियाणा विधानसभा का 6 बार निर्वाचित सदस्य रहा हूं। मैंने दो कार्यकाल तक कैबिनेट मंत्री और एक कार्यकाल तक नेता प्रतिपक्ष के रूप में कार्य किया है। राजनीति में आने से पहले, मैं राजनीति विज्ञान का सहायक प्राध्यापक था। मैंने वर्ष 2009 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जॉइन की। मुझे फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने का आश्वासन था, परंतु मुझे नलवा से चुनाव लड़ने को कहा गया। इसके बावजूद नलवा की जनता ने मेरे कार्य और निष्ठा पर विश्वास जताते हुए मुझे विधानसभा के लिए चुना।

### बयानबाजी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

उधर, कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक चेयरमैन धर्मपाल मलिक की अध्यक्षता की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी या किसी नेता के खिलाफ बयानबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समिति के सचिव रोहित जैन ने बताया कि बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि यदि पार्टी के किसी नेता या कार्यकर्ता को कोई शिकायत या नाराजगी है, तो वे सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के बजाय पार्टी नेतृत्व को सूचित करें, ताकि उनकी शिकायत का समाधान किया जा सके। यदि कोई नेता या कार्यकर्ता पार्टी फोरम पर अपनी बात रखने के बजाय सार्वजनिक रूप से बोलता है, तो इसे पार्टी संविधान का उल्लंघन माना जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संस्कृति और विरासत को दिया जा रहा संरक्षण

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हरियाणा में संस्कृति और विरासत के संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है । चाहे वह अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हो, संत-महापुरुष सम्मान एवं प्रचार-प्रसार योजना हो या फिर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि विकास की गति संस्कृति की जड़ों से जुड़ी रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज सेक्टर 5 स्थित शालीमार ग्राउंड में विश्व जागृति मिशन द्वारा आयोजित सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

### किसानों को मुआवजा नहीं दे रही सरकार

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्य के रोहतक, भिवानी, हिसार और जींद जिलों में अब भी 50 हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि में भरे पानी और लंबित गिरदावरी पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों में 2-3 फीट पानी भरा है, फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, मगर भाजपा-जेजेपी सरकार अब तक मुआवजे की घोषणा तक नहीं कर पाई है। यह सरकार किसानों की नहीं, ठेकेदारों और अफसरों की सरकार बन गई है।

### रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया भंडारा



**पंचकूला।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी के पावन अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकूला में भक्ति और सेवा भाव से 188वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। इस भंडारे में सैकड़ों जरूरतमंदों और स्थानीय निवासियों को प्रसाद स्वरूप भोजन वितरित किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने इस मौके पर दान का महत्व बताया।

### सरकार को किसानों व युवाओं की चिंता नहीं

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार को प्रदेश के युवाओं और किसानों की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश के हुए खराब हालातों में युवाओं को अपने सुनहरे भविष्य की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। इसी तरह बाढ़ और जलभराव से पीड़ित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने से किसानों की भी भाजपा सरकार से सारी उम्मीदें खत्म हो चुकी है। चौटाला ने प्रदेश में बदलाव लाने के लिए युवाओं आह्वान किया कि तमाम खराब हालातों के मद्देनजर हमेशा आगे बढ़ते रहे।

# गुरुग्राम में 27वें खेल उत्सव का शुभारंभ : मुख्यमंत्री बोले- हमारी खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में 27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव का रविवार को विधिवत रूप से आगाज हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम में शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्डी खिलाड़ी भी विशेष रूप से उपस्थित रहें इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत और माटी हरियाणा की पहचान है। हमने खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए देश की सबसे अच्छी खेल नीति बनाई। जिसका फायदा खिलाड़ियों को पहुंच रहा है।



## हॉकी, हैंडबॉल, टेबल टेनिस व एथलेटिक्स के होंगे मुकाबले




गुरुग्राम में 3 से 6 नवंबर तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम में हॉकी, हैंडबॉल, टेबल टेनिस तथा एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। गुरुग्राम जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें इससे पहले राज्य खेल उत्सव की तैयारियों को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुमित कुमार ने शनिवार देर शाम को ताऊ देवीलाल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्टेडियम की सभी व्यवस्थाओं खिलाड़ियों के ठहराव, सुरक्षा, परिवहन, चिकित्सा और पेयजल जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला प्रशासन ने खेल उत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह आयोजन हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन की देखरेख में किया जा रहा है और इसका समापन 8 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। इस दौरान प्रदेश के नौ जिलों और चंडीगढ़ में विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं,

### मुख्यमंत्री ने दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित कर स्मारिका का विमोचन किया

# भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए महर्षि दयानंद की शिक्षा पद्धति अपनानी होगी







नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से सीएम ने की मुलाकात।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आर्य समाज के प्रगतिशील विचारों को आज फिर उसी संकल्प, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे कि भारत 'आध्यात्मिक गुरु' का अपना प्राचीन गौरव फिर से हासिल कर सके। मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके आर्य समाज की स्मारिका का विमोचन किया जिसमें आर्य समाज के 150 साल का स्वर्णिम अध्याय संकलित है। मुख्यमंत्री ने संस्था को अपने ऐच्छिक कोष से 51 लाख रुपए भी देने की घोषणा की। इस मौके पर गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है, तो हमें महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा।

### महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई और नागरिकों को आजादी के लिए जागृत किया। यही कारण था कि देश के हर कोने में आजादी के आंदोलन ने गति पकड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे नौजवान क्रांतिकारियों के जीवन पर आर्य समाज की गहरी छाप थी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी सामाजिक पतन को देश की पराधीनता का कारण मानते थे, इसलिए उन्होंने शिक्षा के प्रचार, धार्मिक सुधार, सामाजिक सुधार जैसे क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने पर बल दिया। इसलिए उन्हें सामाजिक चेतना का अग्रदूत भी कहा जाता है।

### गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान है। आर्य समाज ने वेदों को पढ़ने और उनके मूल्यों को धारण करने की जो राह दिखाई है, उसके कारण समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रगति हुई है। हमारे गुरुकुलों में विद्यार्थियों को योग भी सिखाया जाता है।उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति का महत्व पहले से भी अधिक बढ़ गया है। गुरुकुल प्रणाली में युवकों के चरित्र निर्माण और नैतिक गुणों के विकास पर विशेष बल दिया जाता है। सादगी और उच्च विचार इसके मूल आधार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद की विचार-रूपी सूर्य की किरणें, सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करती रहें, इसी उद्देश्य से 1875 में आर्य समाज की स्थापना हुई। आर्य समाज एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसने धर्म, समाज और राष्ट्र तीनों के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं।



### 78वें निरंकारी संत समागम में की शिरकत

*पानीतप। मुख्यमंत्री शनायब सिंह सैनी ने निरंकारी संत समागम में रविवार को उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को एकता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने समालखा में आयोजित 78 वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को हृदय की गहराइयों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संत निरंकारी मिशन वर्षों से सेवा भाव का संवाहक रहा है।*

### देशभक्त आरएसएस की रोशनी से डरकर आंखें मूंद लेती है कांग्रेस : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान कि नरेंद्र मोदी आरएसएस पर बैन लगाए पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा आरएसएस के खिलाफ रही है। तीन बार इन्होंने आरएसएस पर प्रतिबंध भी लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह उल्लू को रोशनी से डर लगता है और रोशनी देखकर उल्लू आंखे बंद कर लेता है, उसी प्रकार से आरएसएस जैसी देशभक्त चरित्रवान संस्था और देश को आगे ले जाने वाली संस्था को देख इनकी (कांग्रेस) आंखे बंद हो जाती है जिस वजह से यह उल्टी बाते करते हैं। विज रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### पंजाब विवि में 17वें जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम उद्घाटन

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन माई भारत द्वारा, गृह मंत्रालय के सहयोग से तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के युवा कल्याण विभाग के आतिथ्य में आयोजित 17वें जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम का आज पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एच. राजेश प्रसाद, आईएएस, मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन थे, जिन्होंने एक सप्ताह तक चलने वाले इस विशेष आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव (खेल), चंडीगढ़ प्रशासन तथा प्रो. (डा.) रेनू विग, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। यह बहुआयामी कार्यक्रम 2 से 8 नवम्बर, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल में बोले

# धान खरीद में बड़ा घोटाला, सरकार ने छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाया

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को एक बार फिर करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों और आढ़तियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जब वे पिछली बार आए थे, तब भी किसानों की यही शिकायत थी और आज भी स्थिति वही है। सरकार किसानों की एमएसपी पर खरीद न करके उनके साथ अन्याय कर रही है।हुड्डा ने कहा कि इस बार भी धान खरीद में करनाल में बड़ा घोटाला हुआ, लेकिन सरकार ने बड़े मगरमच्छों को बचाने के लिए केवल एक छोटे कर्मचारी पर कार्रवाई कर मामले को दबा दिया। जबकि यह घोटाला पूरे हरियाणा में सैकड़ों करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पहले भी खनन, शराब और अन्य घोटालों की जांच के लिए एसआईटी बनी, लेकिन कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई।

#### कम रेट दिया जा रहा



उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी से 500 से 800 रुपये तक कम रेट दिया जा रहा है। हर फसल – धान, बाजरा, कपास, मूंग – को औने-पौने दामों में खरीदकर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हुड्डा ने कहा कि जब तक प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं होगी, तब तक कोई तरक्की नहीं हो सकती। हरियाणा में करीब 60 संगठित गैंग सक्रिय हैं, जिसके कारण निवेशक राज्य में आने से कतराते हैं।

# बिहार में चुनाव प्रचार करेंगे सुरजेवाला और प्रदीप नरवाल

**चंडीगढ़।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के हरियाणा में से नेताओं की चुनाव प्रचार के लिए ड्यूटी लगी है। राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव



रणदीप सिंह सुरजेवाला और कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल जो हरियाणा से आते हैं इन दो नेताओं की ड्यूटी बिहार चुनाव में प्रचार के लिए लगाई गई है।वैसे, कई दिग्गज नेताओं के नाम सूची में नजर नहीं आ रहे हैं।राहुल गांधी अपनी प्रियंका गांधी की कोर कमेटी के सदस्य प्रदीप नरवाल को आल इंडिया कांग्रेस का सचिव पद पहले से मिला हुआ है। प्रदीप नरवाल पूर्व में जेएनयू के छात्र नेता भी रह चुके हैं। प्रदीप नरवाल हरियाणा के सोनीपत जिले के कथूरा के रहने वाले है। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्में प्रदीप नरवाल का जीवन संघर्ष भरा रहा है। इससे पहले प्रदीप नरवाल हरियाणा कांग्रेस में अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उसके बाद इन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया था।

### अभय चौटाला बोले- किसानों का हो रहा नुकसान

# उत्तर प्रदेश और बिहार से तस्करी कर लाए जा रहे धान पर तुरंत रोक लगाए सरकार

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने उत्तर प्रदेश और बिहार से तस्करी करके लाए जा रहे धान पर सरकार द्वारा पाबंदी लगाए जाने के दावों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा हरियाणा और यूपी बॉर्डर पर नाकेबंदी सिर्फ दिखावा मात्र है। राईस मिलरों द्वारा सरकार की मिलीभगत से बिहार और उत्तर प्रदेश से सरेआम सस्ती धान हजारों की तादाद में ट्रकों में भरकर लाई जा रही है। राइस मिलर सरकारी धान को महंगे दामों पर बेच रहे हैं और उसकी खानापूर्ति बिहार और यूपी से सस्ते धान लाकर की जा रही है। यानी, बाहर का धान हरियाणा के किसानों के धान के रूप में दिखाकर सरकार को बेचा जा रहा है।

#### फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर रहे

इससे मिलों को लाभ हो रहा है, लेकिन हरियाणा के किसानों को नुकसान।



अधिकारियों द्वारा फर्जी रिकॉर्ड और गलत स्टॉक की रिपोर्ट बना कर दी जाती है। इतना ही नहीं घटे हुए स्टॉक को पूरा दिखाने के लिए झूठे कागज तैयार किए जा रहे हैं और गलत गेट पास भी काटे जा रहे हैं। कई डिफॉल्टर राइस मिलों को फिर से अलॉटमेंट दी गई है। डिफॉल्टर राइस मिलों को दोबारा अलॉटमेंट देना बगैर सरकारी मिलीभगत के संभव ही नहीं है। यह धान घोटाला हजारों करोड़ रूपए का घोटाला है। हरियाणा के किसान अपनी फसल मंडियों में ला रहे हैं, लेकिन खरीद में देरी हो रही है।

### प्रदेश सरकार के फरमान पर विभाग में चली विशेष मुहिम

# हरियाणा फार्मेसी काउंसिल में गति पकड़ रहा कामकाज, 14 हजार से ज्यादा मामलों का दो माह में निस्तारण का दावा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा फार्मेसी काउंसिल में अब सुस्त गति से नहीं बल्कि लंबित मामलों के निस्तारण की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसके अलावा विभाग में डिजिटलाइजेशन को भी तेज कर दिया गया है, ताकि पंजीकरण के लिए सुबह सवेरे से आकर लाइन में लगने वालों को पुराने ट्रेंड से छुटकारा मिल सके। अब अपने जरूरी दस्तावेज अपलोड कर उम्मीदवारों को सिरदर्दी से छुटकारा मिलने जा रहा है। इस क्रम में सूबे की नायब सैनी सरकार की ओर से कई कदम उठाए जा रहे है। प्रदेश की फार्मेसी कौंसिल में कामकाज लंबित होने और लगातार बेरोजगार युवाओं द्वारा चक्कर काटने जैसी शिकायतों से अब छुटकारा मिलने जा रहा है। सरकार के निर्देशों के बाद में गत दो माह के अंदर यहां पर 14 हजार से ज्यादा मामलों का निपटारा कर दिया गया है।यहां पर एचसीएस अधिकारी अंकिता ने कामकाज को गति देने का काम किया है। पिछले कई साल से यहां मामलों के निपटारे नहीं होने की शिकायतें लेकर युवा सीएमओ में जाते रहे हैं। जिसके बाद में गंभीर हुए आला अफसरों ने यहां पर एचसीएस की नियुक्ति की आंकड़ों पर गौर करें, तो चार से पांच साल के दौरान यहां 20 हजार से ज्यादा मामलों का निस्तारण नहीं हो रहा था।

**कार्यालयों के चक्कर काटने से मिलेगा छुटकारा**

### बड़ा बदलाव-अब रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर के साथ ही प्रमाणपत्र

पूर्व की कई तकनीकी दिक्कतों और शर्तों में कुछ ढील देते हुए सरकार और आला अफसरों ने साफ कर दिया है कि कौंसिल से जारी होने वाले पंजीकरण प्रमाण पत्रों पर चेयरमैन या फिर वाइस चेयरमैन और रजिस्ट्रार के संयुक्त हस्ताक्षरों की जरूरत नहीं होगी बल्कि रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर के बाद में प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। एचसीएस अधिकारी के ज्वाइन करने के साथ ही उन पर बतौर रजिस्ट्रार जिम्मेदारी है, जन्होंने जिम्मेदारी संभालने के बाद से कामकाज की शुरुआत कर दी थी।

#### वेरिफिकेशन का काम

प्रदेश के युवाओं और बाहर से फार्मेसी की पढ़ाई कर आने वाले युवाओं को थोड़ी और राहत भी दी जा रही है। अर्थात डिजी लाकर के दस्तावेजों को मान लिया जाएगा। इसके अलावा मूल दस्तावेजों को लेकर वेरिफिकेशन का काम जल्द से जल्द निपट जाए और ऑनलाइन अधिकांश काम हो जाएं इस दिशा में जरूरी कदम उठाए गए हैं। अब दस्तावेज लेकर चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी बल्कि युवाओं को ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने के साथ ही उनके वेरिफिकेशन के लिए भी विकल्प दिए जा रहे हैं।

#### छह हजार मामले अभी भी लंबित

कौंसिल में छह हजार के करीब मामले अभी भी लंबित हैं। इनको नवंबर के अंत तक अथवा दिसंबर के पहले सप्ताह तक निस्तारण का लक्ष्य बनाया गया है। यही कारण है कि कौंसिल से उम्मीदवारों, आवेदकों को फोन भी किए जा रहे हैं, अब उनको चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनकी फाइल की कमियां बताई जा रही हैं, ताकि वे सही दस्तावेज समय रहते जमा करा दें। उसके बाद ही उनकी फाइल को हरिझंडी होगी पूर्व में जानकारी जुटाने के लिए युवा और युवतियां चक्कर लगाते रहते थे लेकिन सुनवाई नहीं थी। कौंसिल से फोन काल जाने के साथ ही युवाओं ने राहत की सांस ली है।

**बाहरी राज्यों से पढ़ाई कर आने वाले मामले भी गले की फांस:** बाहरी राज्यों से फार्मेसी की पढ़ाई कर आने वाले युवाओं में कुछ मामले पहले फर्जी पाए जाने और जांच पड़ताल में ठीक नहीं पाए जाने के कारण कौंसिल में तैनात अधिकारियों द्वारा फूंक फूंक कर कदम रखे जा रहे थे। आने वाले वक्त में भले ही युवाओं को राहत दी जा रही है लेकिन सही पात्र लोगों का पंजीकरण हो जाए और फर्जी व बिना वेरिफिकेशन के आने वालों को साइड लाइन करने की तैयारी है।

**बीबी सिंगल बने काउंसिल चेयरमैन** :काउंसिल में रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल और माइग्रेशन की प्रक्रियाएं पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से होंगी।अब इसी क्रम में हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। गत दिवस बैठक में बीबी सिंगल को सर्वसम्मति से काउंसिल का चेयरमैन चुन लिया गया।फार्मेसी काउंसिल की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। सिंगल को सर्वसम्मति से काउंसिल का नया चेयरमैन चुन लिया गया।

### यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर कर्ण लेक पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले

# आज देश का नेतृत्व सक्षम हाथों में, भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज भारत स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम हाथों में है। हमारी सेनाएं सीमाओं की रक्षा में तत्पर हैं। हम किसी देश को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ा भी नहीं जाएगा। देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वे रविवार को कर्ण लेक पर आयोजित यूनिटी मार्च के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मनोहर लाल ने कहा कि यूनिटी मार्च देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है।

**सेनाएं सीमाओं की रक्षा को तत्पर**



#### रियासतों का देश में विलय किया

स्वतंत्रता के समय देश में 562 रियासतें थीं, जिन्हें सरदार पटेल ने तीन को छोड़कर बाकी सभी को भारत में विलय कराकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया। उनके प्रयासों से जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतों को भी भारतीय संविधान अपनाने के लिए राजी किया गया। जम्मू-कश्मीर की रियासत को मिलाने की जिम्मेदारी नेहरू को दी गई, परंतु वहां मामला उलझ गया। अलग प्रधान, विधान और झंडे के विरोध में आवाज उठाने पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। अब केंद्र सरकार ने धारा 370 समाप्त कर जम्मू-कश्मीर में समान कानून लागू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से आतंकवाद, नक्सलवाद और साम्प्रदायिक दंगों पर लगाम लगी है।

#### नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई

केंद्रीय मंत्री ने युवाओं व बच्चों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी, मेयर रेणु बाला गुप्ता, डीसी उत्तम सिंह, एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा एसडीएम राजेश सोनी व अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गोतस्करों से 3 पशु छुड़वाया, दो गिरफ्तार

**कलायत।** कलायत पुलिस ने गौ तस्करी के एक बड़े प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे से दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें कोर्ट में पेश कर पुलिस ने दो दिन का रिमांड लिया है। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 4:00 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे पर एक पिकअप गाड़ी में गोवंश की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही, पीएसआई रवि, पीएसआई मनु और एआरवी टीम सहित पुलिस टीम ने तत्काल नाकाबंदी की। पीएसआई मनु ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान टीम ने पिकअप गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें तीन गोवंश मौजूद मिले। पुलिस ने मौके पर ही दो गौ तस्करों को काबू कर लिया।

### कबूतरबाजी में महिला काबू 9 लाख रुपये की थी ठगी

**फतेहाबाद।** साइबर एवं आर्थिक अपराध विरोधी अभियान के तहत इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने विदेश भेजने के नाम पर लोगों से नौ लाख ठगी करने वाले गिरोह से जुड़ी एक महिला आरोपी को काबू किया है। पकड़ी गई आरोपी की पहचान जसप्रीत कौर पुत्री जगतार सिंह निवासी पंजगराइयां कला, जिला फरीदकोट, पंजाब के रूप में हुई है। इससे पहले इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी को भी काबू किया जा चुका है।

### 3.5 किलो अफीम के साथ नशा तस्कर पकड़ा

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की अंबाला यूनिट की टीम ने हजारों रुपये की अफीम के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से तीन किलो 750 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। टीम को औरंगाबाद एरिया में एक युवक के संदिग्ध हालत में नशातस्करी करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही उनकी टीम ने आरोपी को गाड़ी सहित काबू किया। तलाशी में उसके कब्जे से तीन किलो 750 ग्राम अफीम बरामद की गई।

### 22 किलो चूरापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार



**डबवाली।** पुलिस ने गांव देसूजोधा क्षेत्र से एक तस्कर को 22 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान लखविंद्र सिंह उर्फ काका निवासी देसूजोधा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस टीम के साथ मुखबिर से मिली सूचना पर गांव देसूजोधा में एक घर में छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने घर में मौजूद एक व्यक्ति को काबू कर लिया और पूछताछ की तो उसने अपना नाम लखविंद्र सिंह बताया।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगे 7.65 लाख रुपये

**यमुनानगर।** वर्क वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर चार लोगों ने एक युवक से सात लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। गांव सफीलपुर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार करने के लिए विदेश जाना चाहता था। इस सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मोहाली के राकेश व उसके साथी रंजीत, राधी व सिमरन के साथ हुई। आरोपियों ने उसे वर्क वीजा पर विदेश भेजने का भरोसा दिलाया।

---

## मिट्टी व पानी की जांच करवाकर वैज्ञानिक सलाह से उपजाऊ क्षमता बनाए रखना संभव

# जमीन के उपजाऊपन के लिए घातक साबित हो रहा रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग

**अत्यधिक एवं असंतुलित उर्वरक और कृषि रसायन कर रहे धरती की उपजाऊ क्षमता कम**

**उन्नत संशोधित एवं संकर किस्मों वाले क्षेत्रों में तेजी से कम हो रहे पोषक तत्व**

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶ हिसार

अत्यधिक एवं असंतुलित उर्वरकों के साथ-साथ कृषि रसायनों के प्रयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता कम होती जा रही है और फसल उत्पादन घटने लगा है। यही नहीं, जिन क्षेत्रों में अधिक उपज वाली उन्नत संशोधित एवं संकर किस्में उगाई जा रही है, उन क्षेत्रों की मिट्टी में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी बहुत तेजी से होती जा रही है, जो चिंता का विषय है। ऐसे में यदि समय पर किसान खेत की मिट्टी पानी की जांच करवाकर कृषि विशेषज्ञों की सलाह से काम करें तो भूमि की उपजाऊ क्षमता बनाए रखी जा सकती है। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने पाया है कि फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग जमीन के उपजाऊपन के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। यदि किसान वर्ग भरपूर फसल उत्पादन के लिए खेत की मिट्टी में उपलब्ध तत्वों की मात्रा एवं मृदा स्वास्थ्य जानने के लिए मिट्टी की जांच आवश्यक रूप से करवाए तो भूमि के स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। उनका मानना है कि सभी वनस्पतियों एवं प्राणियों का जीवन मृदा पर ही टिका है, इसलिए यह जरूरी है कि हम प्रकृति की अनमोल धरोहर का उपयोग सही ढंग से करें ताकि इसका उपजाऊपन लंबे समय तक बना रह सके। वैज्ञानिकों के अनुसार आज के समय में कृषि भी एक व्यापार बन गया है। ऐसे में भूमि की फसल पैदा करने की शक्ति का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

### पौधों को ये आवश्यक तत्व चाहिए

एचएयू वैज्ञानिकों के अनुसार पौधों को सामान्य वृद्धि एवं विकास के लिए 17 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, जिनमें कार्बन, हाईड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, फॉसफोरस, पोटाशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, गंधक, लोहा, जस्ता, मैगनीज, तांबा, बोरोन, मोलिब्डेनम, क्लोरिन व निकिल शामिल है। यहां पोषक तत्वों का अभिप्राय उस तत्व से है जिसकी कमी से पौधा अपना जीवन चक्र पूरा न कर सकें, उस पोषक तत्व की कमी केवल उसी तत्व के प्रयोग से पूरी होती हो व पौधे के पोषण में उसका सीधा योगदान हो। इनमें से किसी भी एक पोषक तत्व की कमी होने पर पौधा सबसे पहले उस तत्व की कमी को दर्शाता है।

### एचएयू में 10 रुपये में जांच

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिट्टी की जांच मात्र 10 रुपये में की जाती है। इसके लिए किसानों को समय-समय पर बताया भी जाता है कि वे मिट्टी व पानी की जांच करवाते रहें। आमतौर पर तीन साल में एक बाद यह जांच जरूरी है।

### इसलिए पड़ती मिट्टी जांच की जरूरत

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश का कहना है मिट्टी जांच करवाने के कई कारण हो सकते हैं और जांच के बाद हमें बहुत कुछ पता चल सकता है। आमतौर पर पौधे द्वारा मिट्टी से ग्रहण किए जाने वाले तत्वों की उपलब्ध मात्रा जानने, किसी भी फसल के लिए खाद एवं उर्वरक की सिफारिश करने पोषक तत्वों के समुचित प्रबंधन एवं उर्वरकों के सही पयोग के लिए जांच जरूरी है क्योंकि कोई भी एक पोषक तत्व दूसरे का विकल्प नहीं हो सकता। इसके अलावा अम्लीय, लवणीय व क्षारीय भूमि में समस्या का स्तर जानने व उसमें सुधार करने, मिट्टी सुधारक जैसे चूना व जिप्सम आदि की मात्रा का निर्धारण करने, अम्लीय, क्षारीय व लवणीय भूमि में फसलों एवं उनकी प्रजातियों की सिफारिश करने, जो अम्लीयता, क्षारीयता व लवणीयता को सहन करने की क्षमत रखती हो। इसके अलावा यदि कोई किसान बाग लगाने का इच्छुक है तो उसे मिट्टी की जांच अवश्य करवानी चाहिए।

#### मिट्टी जांच के लिए कब लें नमूना

कृषि व मृदा विशेषज्ञ समय-समय पर मिट्टी व पानी जांच के लिए किसानों को सलाह देते रहते हैं। फिर भी मिट्टी जांच के लिए मिट्टी का नमूना फसल की बिजाई या रोपाई से पहले लेना चाहिए। इसके लिए किसान को पहले संबंधित कृषि विशेषज्ञों से सलाह करके ही नमूना लेना चाहिए क्योंकि इन्हीं जांच के परिणामों के आधार पर खाद, उर्वरक, फसल व किस्मों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

#### प्रदेश में कहां पर हो रही मिट्टी जांच

एचएयू के विशेषज्ञ बताते हैं कि हरियाणा में मिट्टी जांच की सुविधा कई स्थानों पर उपलब्ध है। विशेषतौर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाएं जो कि हिसार, रोहतक, बावल व उचानी में यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की विभिन्न प्रयोगशालाओं में भी मिट्टी की जांच होती है।

### किसानों के हितों के लिए लगातार प्रयासरत विवि



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश का कहना है कि कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय लगातार किसान हितों के लिए प्रयासरत है। इसके लिए किसानों को समय-समय पर नई-नई जानकारियां दी जाती है ताकि वे नई तकनीकों बारे अपडेट रहें। इसके तहत विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों फिल्ड में जाकर व विभिन्न माध्यमों से किसानों तक जानकारी पहुंचाते हैं ताकि वे आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक जो भी नई किस्म विकसित करते हैं, उसमें विशेष रूप से उल्लेख करते हैं कि यह किस्म किस क्षेत्र के लिए उपयोगी है।

-डॉ. दिनेश, अध्यक्ष मृदा विज्ञान विभाग

---

## किसानों की बल्ले-बल्ले : मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज आंकड़े बता रहे हकीकत

# बाढ़ और ज्यादा बरसात के बावजूद मंडियों में 140% हुई धान की खरीद

**कई मंडियों में पंजाब और राजस्थान का धान भी बिक रहा**

*आंकड़ों पर नजर डालें तो इस बार पिछले साल के मुकाबले 140 प्रतिशत धान मण्डियों में आ चुका है और अभी भी आवक जारी है। सरकार द्वारा 15 नवम्बर तक परमल धान की खरीद की जानी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

परमल धान की खरीद में इस बार पिछले सारे रिकार्ड टूटते नजर आ रहे हैं। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों की मानें तो अब तक 62704 किसानों ने फतेहाबाद जिले में खरीद एजेंसियों को 10 लाख 41 हजार एमटी धान बेच दिया है। यह धान बीते वर्ष आए कुल धान से 3 लाख एमटी ज्यादा है। हैरानी इस बात की है कि इस बार कृषि विशेषज्ञों के अलावा किसान भी मान रहे थे कि धान उत्पादन के मामले में प्रति एकड़ नुकसान होगा लेकिन हो रहा है इसके विपरीत।

इसे आंकड़ों का खेल कहें या किसान की प्रति एकड़ बढ़ती पैदावार। इस बार पिछले साल के मुकाबले 140 प्रतिशत धान मण्डियों में आ चुका है और अभी भी आवक जारी है। सरकार द्वारा 15 नवम्बर तक परमल धान की खरीद की जानी है। दूसरी ओर, मण्डी सूत्रों का मानना है कि इस बार राजस्थान व पंजाब से भी परमल धान जिले की मण्डियों में आ रहा है। किसान और आढ़ती एक सैटिंग के तहत मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कर आंकड़े को बढ़ा रहे हैं।



### पिछले 5 सालों में हुई खरीद

| साल | कुल परचेज |
|---|---|
| 2020-21 | 628377 |
| 2021-22 | 667170 |
| 2022-23 | 926298 |
| 2023-24 | 926432 |
| 2024-25 | 743194 |

### फतेहाबादः 2 लाख 97 हजार 135 एमटी ज्यादा धान की आवक

आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में पिछले साल से 2 लाख 97 हजार 135 एमटी ज्यादा धान की आवक हो चुकी है। जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 10 लाख 41 हजार 129 एमटी धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 10 लाख 39 हजार 692 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से करीब 92.45 प्रतिशत यानि 9 लाख 61 हजार 202 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 78 हजार 490 एमटी धान अब भी मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है।

### ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया

बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 263 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 86 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 86 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 10 लाख 41 हजार 129 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 10 लाख 39 हजार 692 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 19269 किसानों से 3 लाख 86 हजार 942 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 91.52 प्रतिशत यानि 3 लाख 54 हजार 117 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 32 हजार 825 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 94 प्रतिशत किसानों को 867 करोड़ 15 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### 668 करोड़ 35 लाख रुपये का किया जा चुका भुगतान

हैफेड द्वारा 20376 किसानों से 3 लाख 40 हजार 320 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 93.35 % यानि 3 लाख 17 हजार 672 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 22 हजार 648 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 91% किसानों को 742 करोड़ 45 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 23059 किसानों से 3 लाख 12 हजार 430 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 92.63 % यानि 2 लाख 89 हजार 413 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 23 हजार 17 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 90 %किसानों को 668 करोड़ 35 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बता दें कि जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी।

---

**विदेशी नंबर से धमकी, पुलिस कर रही जांच**

# अस्पताल संचालक से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस कमेटी के सदस्य तथा जींद-कैथल में अस्पताल के संचालक को विदेशी नंबर से धमकी देकर पांच करोड़ रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चौथ मांगने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लखमीरवाला निवासी अशोक मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह हरियाण कांग्रेस कमेटी का सदस्य है। वह जींद में आस्कर अस्पताल तथा कैथल में जनता अस्पताल चलाता है। गत दिवस वह आस्कर अस्पताल में अपने कार्यालय में बैठा हुआ था। दोपहर बाद उसके पास मोबाइल पर विदेशी नंबर से वॉयस कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पांच करोड़ रुपये चौथ की डिमांड की।

**सुरक्षा बढ़ाई**



# पंचायती पैसे से कुर्सी खरीदी और घर के सामने रखी

**महेंद्रगढ़ में कोथल खुर्द के सरपंच सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शो काज के नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोथल खुर्द के सरपंच धीरेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांव कोथल खुर्द के सरपंच धीरेंद्र कुमार ने वर्ष 2023 में पंचायत फंड की राशि से गांव में बैठने के लिए सीमेंटेड कुर्सियां खरीदी थी जिसको सार्वजनिक जगह पर न रखवा कर कुछ कुर्सियों को व्यक्तिगत घरों के आगे रखवाया गया तथा उन कुर्सियों पर अपना व्यक्तिगत नाम लिखवा दिया गया, जिसकी शिकायत ग्रामीणों से प्रशासनिक अधिकारियों से कर दी। खंड कार्यालय महेंद्रगढ़ के अधिकारियों ने जब मौका मुआयना किया तो शिकायतकर्ता की शिकायत को सही मानते हुए सरपंच धीरेंद्र कुमार को आदेश दिए गए कि उक्त कुर्सियों को लोगों के घरों के सामने से हटाया जाए तथा उन पर अपना व्यक्तिगत नाम मिटाकर उन्हें सार्वजनिक जगह पर रखवाया जाए।

---

# अपहरण के 10 घंटे के अंदर युवती बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

युवती का अपहरण करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बमाया कि शनिवार शाम खासपुर क्षेत्र से एक युवती को कुछ युवक जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले गए थे। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पूजा



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

वशिष्ठ ने थाना सदर, सीआईए व साइबर सेल की टीमों को त्वरित कार्रवाई कर युवती को सकुशल बरामद करने और आरोपितों को पकड़ने के निर्देश दिए। जिनके तहत टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 08-10 घंटे के भीतर ही झज्जर क्षेत्र से युवती को सकुशल बरामद किया तथा चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विकास व मोनू वासी खामपुरा, राधेश्याम वासी मेघोत बिंजा व विक्रम वासी मोहनपुर के रूप में हुई।

### बरवाला नपा से नगर परिषद बना शहर

**बरवाला।** हरियाणा सरकार द्वारा हिसार जिले की बरवाला नगर पालिका का दर्जा बढ़ाकर नगर परिषद कर दिया है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता की ओर से गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। बरवाला प्रदेश की 25वीं नगर परिषद बन गया है। बरवाला के विधायक एवं हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है।

# एड्रेस वेरिफिकेशन के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में एडरेस वेरिफिकेशन के नाम पर महिला से 58,500 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। महिला के पास रुपए कटने का कोई मैसेज भी नहीं आया। इसके बारे में उसे तब पता चला जब उसक ऑटो डेबिट एसआईपी लो बैलेंस के चलते रिजेक्ट हो गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-81 की एक सोसाइटी में रहने वाली मौमिता बेरा ने बताया कि बीती 13 अगस्त को उसके पास कोरियर कंपनी से एडरेस वेरिफिकेशन के लिए कॉल आई। गाड़ी चलाने के चलते मोमिता ने उससे बाद में कॉल करने को कहा। इसके एक घंटे बाद उसके पास फिर से कॉल आई और उससे फोन नंबर व आवासीय पते के बारे में पूछा। मोमिता ने उसे सब बता दिया। इसके बाद 26 अगस्त को उसे बैंक से मैसेज आया कि उसकी एसआईपी को अपर्याप्त धन के कारण अस्वीकार कर दिया गया है।

### पासपोर्ट डिलीवरी के नाम पर 25 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 थाना एरिया में वेब डिजाइनिंग इंस्टीटयूट के छात्र से पासपोर्ट डिलिवरी के नाम पर 25,782 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मण विहार में रहने वाले गगन शर्मा ने बताया कि वह वेब डिजाइनिंग इंस्टीटयूट का छात्र है।

---

**अंतिम विदाई** | **अरुणाचलः 13 राजपूताना राइफल में पेट्रोलिंग के दौरान पहाड़ी गिरने से शहीद हो गए थे, गांव में शोक की लहर**

# खांडाखेड़ी के पवन सिंधु का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, 13 राजपूताना राइफल की बटालियन ने दी सलामी

**मेजर सतपाल सिंधु ने पवन सिंधु को श्रद्धांजलि दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव खांडाखेड़ी निवासी शहीद हवलदार पवन सिंधु पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके बड़े बेटे सौम्य ने मुखाग्नि दी। राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव खांडाखेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया। शहीद पवन सिंधु 13 राजपूताना राइफल यूनिट में तैनात थे। उनकी अरुणाचल प्रदेश में चीन बॉर्डर के पास बड़ा रूपक क्षेत्र में ड्यूटी थी। पेट्रोलिंग के दौरान पहाड़ी से गिर गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को उनका पार्थिव शरीर विमान से दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा था। इसके बाद सेना के अधिकारी गांव लेकर आए। उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी में उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय मान सम्मान के साथ किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने बलिदान होने के नारे लगाए। सेवा की तरफ से आई बटालियन ने उनको सलामी दी। और उनके बड़े बेटे सौम्य ने उनको मुखाग्नि दी। हर किसी की आंख में आंसू थे। वही गांव के लाल पर घरों भी था कि उन्होंने देश के लिए सेवा में रहते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस घटना के बाद से ही पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बलिदानी पवन सिंधु का पार्थिव शरीर रविवार की दोपहर को दो बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा वहां से उनका पार्थिव शरीर सेना की गाड़ी में उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी लाया गया। गांव बास के पास से सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ भारत माता के नारे लगाते हुए गांव में पहुंचे। उनके साथ 13 राजपूताना राइफल की बटालियन के अधिकारी व सिपाही भी साथ थे। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए घर पर रखा गया। सभी स्वजनों ने उनके दर्शन करके अंतिम विदाई के लिए रवाना किया। पूरे मान सम्मान के साथ बलिदान के नारे लगाते हुए उनका पार्थिव शरीर श्मशान घाट पर लेगा वहां पर सेवा के जवानों ने उनको सलामी दी और उसके बाद उनके बड़े बेटे सौम्य ने उनको मुखाग्नि दी। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल, सरपंच बलजीत सिंह सहित सेवा के अधिकारियों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।



शहीद पवन सिंधु। (फाइल फोटो)









नारनौंद। पवन सिंधु का पार्थिव शरीर लाते हुए सेना के जवान एवं पवन सिंधु को श्रद्धांजलि देते हुए मेजर सतपाल सिंधु। सेना के जवान सलामी देते हुए।

### सरल स्वभाव के थे पवन : मेजर सत्यपाल

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने बताया कि हमें पवन पर गर्व है उन्होंने देश की सेवा में अपनी जान की बाजी लगा दी। वह बड़े ही सरल स्वभाव के थे। शुरू से ही सेना में भर्ती होने का उनका सपना था। उन्होंने सपने को पूरा किया। पूरे गांव को उन पर हमेशा गर्व रहेगा।

### सेना में भर्ती होकर था खुश : कैप्टन बलवान

रिटायर्ड कैप्टन बलवान सिंह ने बताया कि गांव का जवान हवलदार पवन सिंधु बलिदान हो गया है। वह सेना में भर्ती होकर काफी खुश था। देश के लिए सेवा की भावना उसमें शुरू से ही थी।वह जब भी छुट्टी आता था तो सभी से मिलकर जाता था।

### वर्ष 2003 में हुए थे सेना में भर्ती

गांव खांडा खेड़ी निवासी 44 वर्षीय पवन सिंधु 2003 में सेना में भर्ती हो गया। उसके बाद 2006 में उसकी शादी झमोला निवासी रीतू से हो गई। उनके दो बेटे हुए। बड़ा लड़का वर्षीय 17 वर्षीय सौम्य और छोटा 16 वर्षीय विनय हैं। उनकी पोस्टिंग अरुणाचल प्रदेश के एलओसी चीन बॉडर के पास बड़ा रूपक में थी।






## मुजफ्फरपुर में गृहमंत्री शाह का महागठबंधन पर बड़ा हमला

# आरजेडी की सरकार बनी तो राज्य में खुल जाएंगे अपहरण, रंगदारी और खून के तीन नए मंत्रालय, लोगों को जंगलराज से बचना होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरजेडी और लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। शाह ने लालू यादव के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए मतदाताओं से बिहार को इससे बचाने के लिए मतदान करने की अपील की। शाह ने लालू प्रसाद यादव के बेटे के मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तंज कसते हुए कहा कि अगर आरजेडी सत्ता में आती है, तो राज्य में 3 नए मंत्रालय खुलेंगे। एक बनेगा अपहरण को चलाने वाला मंत्री। दूसरा बनेगा रंगदारी का मंत्री। तीसरा अपहरण और खून को बढ़ावा देने वाला मंत्री। उन्होंने बिहार की जनता को याद दिलाते हुए कहा कि हमने जंगलराज से आजादी दिलाई। बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए वोट करें। बिहार में जंगलराज को आने नहीं देना है।

### तेजस्वी पर संकेतों में कसा तंज

लोगों से अपील की यहां एनडीए के पक्ष में ही मतदान करें

### न तेजस्वी सीएम बन सकते, न राहुल पीएम


मुजफ्फरपुर। लोगों को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

शाह ने लालू और सोनिया गांधी दोनों पर परिवारवाद को बढ़ावा देने और देश की चिंता न करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोनों के बेटों के लिए सत्ता की सीट खाली नहीं है। लालू और सोनिया को देश की चिंता नहीं है। लालू की इच्छा है उनका बेटा सीएम बने और सोनिया चाहती हैं उनका बेटा (राहुल गांधी) पीएम बने। लेकिन न बिहार में सीट खाली है न ही दिल्ली में।

## जंगलराज वाले कपड़ा, चेहरा बदल लोगों के बीच फिर से आ रहे

शाहने राजद के शासनकाल की याद कराते हुए उसे जंगलराज बताया। आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' वाले कपड़ा और चेहरा बदलकर लोग फिर से आ रहे हैं। कशाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा।

### घोषणा पत्र का भी किया जिक्र

शाह ने एनडीए के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाया जाएगा। पीएम किसान के तहत किसानों को मोदी सरकार से मिलने वाली 6,000 की राशि को बढ़ाकर 9,000 किया जाएगा। बिहार सरकार 3,000 रुपए और जोड़ेगी और अब किसानों को सालाना 9,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख गरीबों के पक्के मकान बनाए जाएंगे तथा गरीब छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।



### आरजेडी गुंडागर्दी कर चुनाव कर रही प्रभावित

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने ट्वीट किया है कि जब वे डुमरांव अरियांव ब्रह्म बाबा स्थान पर प्रत्याशी राहुल सिंह के साथ रोड शो कर रहे थे, तभी आरजेडी समर्थकों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। वे बताते हैं कि लोग उनके स्वागत के लिए वहां मौजूद थे, लेकिन अचानक आरपजेडी के नारे लगाते हुए कुछ लोग हिंसक हो गए। मनोज तिवारी ने कहा कि टकराव बढ़ने से बचाने के लिए उन्होंने अपनी टीम की गाड़ियों को तेजी से चलाकर वहां से निकलना बेहतर समझा। उनका सवाल है कि चुनाव प्रचार के दौरान आरजेडी की ये गुंडागर्दी क्यों हो रही है और यह सही नहीं है।

### बेगूसराय में बोले लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

# अब मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार चलेगा


सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बेगूसराय में एक बड़ी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अमिताभ भूषण के समर्थन में आयोजित की गई थी।सभा के दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम बिहार में विश्वविद्यालय बनाएंगे।

### ट्रंप ने फोन किया तो उन्हें पैनिक अटैक आ गया

राहुल ने कहा कि एसआईआर बिहार में जितने वोट काटे गए, वे सभी महागठबंधन के वोट थे। राहुल के साथ वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, आईआईपी पार्टी के नेता आईपी गुप्ता, वामदल, राजद और अन्य सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बड़े उद्योगपतियों अंबानी और अडाणी के रिमोट कंट्रोल से संचालित हो रहे हैं।

**आज पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया**

राहुल ने कहा नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भाजपा ने आपको सस्ता डेटा दिया है ताकि आप रील देखें और रील बनाएं। लेकिन जब आप इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील देखते हैं, तो इंटरनेट का पैसा अंबानी को मिलता है। बिहार के लोग पलायन कर दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। वहां वे मेहनत करते हैं और उन राज्यों के विकास में योगदान देते हैं। यहां की सरकार ने सब चौपट कर दिया। पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

**बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं, लेकिन यहां पिछड़े**

उन्होंने कहा कि बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं लेकिन यहां पिछड़े हुए हैं। यहां की सरकार नहीं चाहती है कि बिहार के लोग आगे बढ़ें। वे यहां के लोगों की मदद नहीं करते। वे चाहते हैं कि यहां के लोग मजदूरी करते रहें। उन्होंने कहा कि दुबई जैसा शहर बिहार के लोगों ने बनाया है, लेकिन वे यहां कुछ नहीं कर पाते।

**गलत जीएसटी और नोटबंदी से छोटा व्यापार बंद हो गया**

उन्होंने केंद्र सरकार पर गलत जीएसटी लागू करने और नोटबंदी करने को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि इससे छोटा व्यापार बंद हो गया। हमारी सोच है कि यहां छोटे-छोटे व्यापार शुरू हों और लोगों को रोजगार मिल सके।

**चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटा**

उन्होंने महागठबंधन की जीत का दावा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटकर बाहर निकाला है।

### तेजस्वी यादव का आरोप
### भाजपा रिश्वत बांट रही और आयोग चुप क्यों?



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव के बीच एक बड़ा बयान देते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग अब मर चुका है?तेजस्वी का आरोप है कि इस बार भाजपा हार के डर से लोगों को 10 हजार रुपए की रिश्वत बांट रही है, और ये पैसा किसी निजी फंड से नहीं, बल्कि गरीब बिहार के सरकारी खजाने से दिया जा रहा है। भाजपा लोगों को प्रलोभन दे रही है।

### दुलारचंद के पौत्र ने कहा- न्याय नहीं मिला
### कोर्ट ने अनंत को 14 दिन के लिए जेल भेजा



मोकामा विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाईटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह की गिरफ्तार कर पटना में रखा गया है। रविवार सुबहर से दोपहर 12 बजे तक पटना एसएसपी ऑफिस के रंगदारी सेल में उनसे पूछताछ चली। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सेल में रखा गया है। यहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पटना पुलिस उन्हें रिमांड पर नहीं लेगी। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### नारकंडा के पास खाई में गिरा वाहन, 29 घायल

**शिमला।** नारकंडा के पास शनिवार रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। ट्रैवलर में 32 लोग सवार थे। हादसे में 29 घायल हुए हैं, जिनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे।



### ओडिशा एसआई भर्ती घोटाले का प्रमुख अरेस्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की सीआईडी-क्राइम ब्रांच ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड शंकर प्रुष्टि को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे प्रुष्टि को उत्तराखंड पुलिस की मदद से पकड़ा गया और रविवार सुबह ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया।



### धारा-पोरिए गांव में पहली बार जला बल्ब, लोग खुश

**शिमला।** सैंज घाटी का दुर्गम गांव धारा-पोरिए। यहां रात का मतलब अब तक सिर्फ अंधेरा था। तीन पीढ़ियां मोमबत्ती, लालटेन और सूरज की रोशनी के सहारे जिंदगी चलाती रहीं। बिजली न होने से पूरा गांव बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की सुरक्षा तक जूझता रहा। अब धारा-पोरिए गांव में बिजली का पहला बल्ब जला।



### चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल पर चला बुलडोजर

**चंडीगढ़।** यहां के सबसे बड़े मॉल में प्रशासन की तरफ से बुलडोजर एक्शन लिया गया है। रविवार सुबह ही इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के नेक्सस एलांते मॉल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 35,040 स्क्वॉयर फीट एरिया में बिल्डिंग वॉयलेशन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया था, अब इस पर कार्रवाई की गई है।



### पीएम मोदी का दावा: 11 नवंबर के बाद राजद-कांग्रेस वाले एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे

# आरजेडी ने कांग्रेस की 'कनपटी' पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया

*पीएम ने कहा कि राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार*


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया।

कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो। लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार। अब इन दो परिवारों में ही जंग छिड़ गई है। जंगलराज के युवराज को लगता है कि एक युवराज की पदयात्रा ने उन्हें पैदल कर दिया।

### बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने जा रही है


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में सभा को संबोधित करते हुए।

**हम लोगों ने एक करोड़ नौकरी देने का वादा किया है**

**एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनेंगी**

### राजद वालों ने कांग्रेस से कुछ भी पूछा?

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। एक तरफ सुशासन है। वहीं, दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन। जंगलराज ने बिहार को खोखला कर दिया। कट्टा, कटुता, क्रूरता, कुशासन और करप्शन ही जंगलराज की पहचान है। बेटियों से छेड़खानी, व्यापारियों से लूटपाट समेत सबकुछ राजद वाले मौका मिलते ही करने लगते हैं। कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है। कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था। आज भी कांग्रेस नरसंहार के आरोपियों को पूरे सम्मान के साथ अपनी पार्टी में आगे बढ़ा रही है। राजद और कांग्रेस को अपने किए गए कृत्यों का पछ्तावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में लगी हुई है।

*मोदी ने कहा, खबर यह है कि हर बूथ पर कांग्रेस के लोगों ने राजद को हराने की ठान ली है। आप देखिएगा कि 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान खत्म होते ही राजद और कांग्रेस एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। बिहार का विकास एकजुट एनडीए ही कर सकता है। एनडीए सबको अवसर देता है। सबको सम्मान देता है।*

### राजद-कांग्रेस वालों से सावधान रहना

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वालों के इरादे बेहद ही खतरनाक हैं। इसलिए आपको इनसे सावधान रहना है। यह लोग सिफ जंगलराज की पाठशाला में पढ़कर निकले हैं। इनके कारण उद्योग बंद हो गए। इनका रिकॉर्ड ही निवेशकों को भगाने का है। जब निवेशकों को लालटेन और लाल झंडा दिखेगा तो वह अपना पैसा लगाएगा क्या? निवेशक सिर्फ एनडीए सरकार ही ला सकती है। एनडीए सरकार विकास और विरासत दोनों को महत्व देते हुए आगे बढ़ रही है।

### हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है

पीएम ने मगही भाषा में लोगों को नमन किया। कहा कि यह मगही पान की धरती है। मैं तो बनारस का सांसद हूं। मगही पान और बनारस का संबंध हम लोगों से अच्छा कौन जानेगा। नवादा, गयाजी, नालांदा, औरंगाबाद, जहानबाद या अरवल हो, इन सभी जगहों पर अद्भुद सामर्थ्य है। श्री कृष्ण बाबू ने बिहार के विकास की नींव रखी। यह धरती लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भोला सिंह जैसे जनसेवकों की कर्मभूमि रही है। मगध पुरातन भारत की शान है। अब हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है।

### बिहार चुनाव पर बोले सीईसी ज्ञानेश

# हिंसा बर्दाश्त नहीं, आयोग के लिए सभी दल एक समान



एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में, हर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए कोई सत्ता पक्ष या विपक्ष नहीं है। सभी समान हैं।छ मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं। चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर मनाएं और वोट डालने जरूर आएं।चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है। हिंसा की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम मतदाता अपनी इच्छानुसार शांतिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाएं।

### पारदर्शिता का दिलाया भरोसा

चुनाव आयोग ने हिंसा के खिलाफ अपनी सख्त नीति को दोहराया। ज्ञानेश कुमार ने चेतावनी दी कि आयोग की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। कोई भी हिंसक घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम मतदाता शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अपनी मर्जी से वोट डाल सके, यही हमारा लक्ष्य है। यह कदम चुनावी सरगर्मियों के बीच सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार के सभी मतदाताओं से दिली अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार के हर मतदाता से अनुरोध करता हूं। आइए, चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर सजाएं और वोट डालने जरूर पहुंचें।' कुमार को पूरा विश्वास है कि लोग बड़ी तादाद में मतदान केंद्रों पर आएंगे। उन्होंने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि मतदाता भारी संख्या में वोट डालेंगे।

### साफ और सशक्त संदेश दिया

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ और सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी भी राजनीतिक दल के साथ पक्षपात नहीं करता। सभी दल उसके लिए एक समान हैं। इस अपील के जरिए आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण मतदान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'बिहार चुनाव में हर राजनीतिक दल अपने-अपने अंदाज में प्रचार कर रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है।

### बीकानेर में खिंचवाई फोटो आखिरी बनी

# राजस्थान में खड़े ट्रेलर में घुसा टेंपो ट्रेवलर, 15 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के फलोदी में भीषण सड़क हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। बापिणी उपखंड क्षेत्र के मतोड़ा में टेंपो ट्रेवलर खड़े ट्रेलर में घुस गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल है। जानकारी के अनुसार, टेंपो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर जोधपुर के सूरसागर से कोलायत में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो ट्रेवलर का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मरने वाले लोग एक ही मोहल्ले के हैं। मोहल्ले में अन्नकूट कार्यक्रम के कारण कई महिलाओं ने तीर्थ यात्रा पर जाने से इनकार कर दिया था। इसके कारण उनकी जान बच गई। हादसे में जान गंवाने वाली सज्जन कंवर को पति ओमप्रकाश ने तीर्थ यात्रा पर जाने से मना किया था, लेकिन वह तीर्थ यात्रा पर गई थी। उनके साथ परिवार के 6 लोगों की भी मौत हुई है। थाना अधिकारी अमानाराम ने बताया- शाम करीब 6.30 बजे भारत माला हाईवे पर हादसा हुआ।

### वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के संस्थापक ने दी सफाई

# इतने लोग एक साथ आ जाएंगे तो क्या करूं?

एजेंसी ▶▶ श्रीकाकुलम

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मौत के बाद मंदिर के संस्थापक मुकुंद पांडा ने कहा कि इस हादसे के लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालु अपने आप ही एक साथ आगे बढ़ गए, जिससे यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एक निजी संस्था है और बिना आवश्यक मंजूरियों के संचालित हो रहा था। आयोजक सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहे। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में भगदड़ का मामला


श्रीकाकुलम में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भीड़ का दृश्य।

### भगदड़ में 10 लोगों की गई थी जान

मंदिर के संस्थापक ने बताया कि उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी, क्योंकि उन्हें लगा कि सब कुछ सामान्य रहेगा और किसी भी दूसरे दिन की तरह ही पूजा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। शनिवार को श्रीकाकुलम जिले के इस मंदिर में भगदड़ की घटना हुई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है, जबकि कई अन्य घायल हुए।

### बहुत भीड़ थी मुझे नहीं पता क्या हुआ?

यह हादसा उस दिन हुआ, जब एकादशी और कार्तिक महीने का त्योहार एक साथ पड़ा, इसलिए बहुत सारे लोग दर्शन करने मंदिर आ गए थे। मंदिर के पुजारी मुकुंद पांडा ने कहा, इतने लोग एक साथ आ जाएं तो मैं क्या करूं? मैं आमतौर पर सभी को लाइन में भेजता हूं, लेकिन कल बहुत भीड़ थी। मुझे नहीं पता क्या हुआ, मैंने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी।


वेंकटेश्वर मंदिर।

### ऐसी स्थिति बन गई जो समझ के बाहर थी

उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को नहीं बताया। मुझे हिम्मत थी, मैंने सभी से कहा कि वे कतार में जाएं। लोग दर्शन के लिए आए थे। अगर वे अचानक दौड़ पड़े और स्थिति ऐसी बन गई, तो मैं क्या कर सकता हूं? पांडा ने बताया कि वह दोपहर तीन बजे तक वहीं मौजूद थे और बिना खाना खाए भीड़ को संभालने की कोशिश कर रहे थे, बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

चिंतन

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं।

सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुन्द्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्त्रोत हैं। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।



चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार

> राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।




राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

फिलहाल
डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार

बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।


आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है।

दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी ख़ासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुक़ाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं।दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाय। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र, अपने आप में उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अपराजेय अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। असल में देश की बहुत सी गृहिणियों की यही स्थिति है कि वे श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। अब जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए और उन्हें उनका हक मिले।

(लेखिक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।


## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

अंतर्मन




आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग– हृदय– की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर–संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन–रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*– सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर*

ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्त बना रहे



शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोज़गार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### भाजपा-कांग्रेस एक



भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के ज्वाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

**-अरविंद केजरीवाल, आप नेता**

### मेरे पहले हीरो शाहरूख



दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरूख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना हैं।

**-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री**

करंट अफेयर

## द. चीन सागर में दृढ़तापूर्वक मुकाबला करे आसियान



अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका–चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण–पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई बैठक में हेगसेथ ने विवादित जल क्षेत्रों में चीन की आक्रामकता को लेकर अमेरिका की चिंताओं को दोहराया और जहाजों को टक्कर मारने जैसी घटनाओं का हवाला दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन का उकसाने वाला व्यवहार उसके पड़ोसियों की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। हेगसेथ ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय एवं समुद्री दावे शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाने के वादों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। संघर्ष नहीं चाहते लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीन आप पर या किसी और पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश न करे।

ऑफ बीट

## कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे



पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां–कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे, जिससे किसानों के लिए उनका आकर्षण सीमित था। इसके विपरीत, आज के मॉडल खरीद के तुरंत बाद उड़ाए जा सकते हैं और 220 पाउंड (100 किलोग्राम) तक का भार उठा सकते हैं – जो उर्वरक की दो बोरियों के बराबर है। करों, शुल्कों और नौ–परिवहन लागतों के कारण इनकी कीमतें अलग–अलग देशों में अलग–अलग होती हैं। अमेरिका में, एक ड्रोन मालिक को उसी उपकरण के लिए 20,000 से 30,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसे चीन का एक किसान 10,000 अमेरिकी डॉलर से भी कम में खरीद सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



**भारत ने रचा इतिहास, जीत लिया महिला वनडे वर्ल्ड कप : दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया**

**87 रन बनाने के बाद 2 विकेट लेने वालीं शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं**

**दीप्ति शर्मा ने 58 बनाए और पांच विकेट झटके भारत ने पहले बल्लेबाजी कर 298/9 रन बनाए**

## नारी शक्ति का परचम, भारत ने पहली बार जीता विश्व कप

# बेटियों ने जीत लिया हर 'मन'

**स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाए। 2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ही सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, लेकिन इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया। 2025 में टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराया, लेकिन इस बार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी जीत ही ली।**




भाषा ▶▶| नवी मुंबई

भारत ने शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से रविवार को यहां महिला आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत कर इतिहास रच दिया। शेफाली ने पारी का आगाज करते हुए 78 गेंद में 87 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद अपनी स्पिन गेंदबाजी से सुने लुस और मारिजान काप (चार) जैसी अनुभवी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई तो वहीं बीच के ओवरों में विकेटों के पतन के बीच 58 गेंद में 58 रन का योगदान देने वाली दीप्ति ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ने वाली दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (101) सहित पांच विकेट झटकर मैच का पासा पलट दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 298 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 246 रन पर रोककर इस टूर्नामेंट के इतिहास में 52 साल के सूखे को खत्म किया। वोल्वार्ड्ट 41वें ओवर तक एक छोर से डटी रही लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट के पतन से जरूरी रनगति बढ़ने से दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों पर दबाव हावी हो गया। दीप्ति की गेंद पर जैसे ही हरमनप्रीत ने नाडिन डि क्लार्क (18) का कैच पकड़ा वैसे ही दर्शकों की नीली जर्सी के समंदर से पटे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गयी। भारतीय खिलाड़ियों ने भावनाओं पर काबू रखने की कोशिश की लेकिन पूरा स्टेडियम जब 'वंदेमातरम, मां तुझे सलाम और लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो'.. गाने को एक सुर में गाना शुरू किया तो यहां मौजूद किसी के लिए भी भावनाओं को काबू में रखना मुश्किल था। स्टेडियम में मौजूद पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और वीवीएस लक्ष्मण भी भारतीय तिरंगे को लहराते दिखे। शानदार लय में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल होने से टीम में आई शेफाली ने कहा था कि शायद भागवन ने उनके लिए कुछ अच्छी योजना बनाई है। उन्होने सेमीफाइनल में कम स्कोर की निराशा को पीछे छोड़ते हुए फाइनल में इसे सही साबित किया तो वहीं दीप्ति ने भी टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने के साथ 200 से अधिक रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45) और विकेटकीपर रिचा घोष (24 गेंद में 34 रन) ने अहम योगदान दिये। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा सधे हुए अंदाज में शुरू किया, ताजमिन ब्रिट्स (35 गेंद में 23 रन) ने क्रांति गौड़ के खिलाफ चौके से हाथ खोलने के बाद रेणुका सिंह की गेंद पर छक्का जड दिया। लौरा वोल्वार्ड्ट आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी अमनजोत कौर के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके के साथ पिछले मैच की शानदार पारी को आगे बढ़ना जारी रखा। ब्रिट्स ने अगले ओवर में दीप्ति पर चौके साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी लेकिन ब्रिट्स रन चुराने की कोशिश में अमनजोत के शानदार थ्रो पर रन आउट हो गयी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन की शानदार पारी खेलने वाली वोलवार्ड्ट ने दीप्ति के खिलाफ छक्का जड़ आक्रामक तेवर दिखाये।

### शेफाली ने बल्ले के साथ गेंद से भी जादू बिखेरा और दिल जीत लिया

श्री चरणी ने अपने पहले ही ओवर में ऐनेक बॉश को पगबाधा कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। सुने लुस ने दूसरे छोर से राधा के खिलाफ लगातार दो चौके लगाये वोल्वार्ड्ट के खिलाफ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की लेकिन शेफाली ने गेंद से जादू बिखरते हुए अपने शुरुआती दो ओवरों में लुस और काप को आउट कर भारत का बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने अपनी गेंद पर लुस का कैच लपकने के बाद काप को विकेट के पीछे रिचा घोष के हाथों कैच करवाया। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद शिकंजा कसना शुरू किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 22वें से 29वें ओवर तक सिर्फ 25 रन बनाये और इसका फायदा 30वें ओवर में दीप्ति शर्मा को मिला जिन्होंने सिनालो जाफ्ता (16) को राधा के हाथों कैच कराया। एनेरी डर्कसन ने राधा की नोबॉल पर छक्का लगाने के बाद फ्री हिट पर भी गेंद को दर्शको के पास भेजकर 32वें ओवर से 17 रन बटोर कर दबाव कम कर दिया। दीप्ति ने 36वें ओवर में रेणुका की गेंद पर डर्कसन का आसान कैच टपकाकर जीवनदान दिया लेकिन उन्होंने इस बल्लेबाज को 40वें ओवर बोल्ड कर छठे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी को तोड़कर ज्यादा नुकसान होने से बचा लिया।




### टीम इंडिया के नाम जुड़ा यह अनचाहा रिकॉर्ड

**नवी मुंबई।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच महिला विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में उतरते ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को किस्मत का साथ नहीं मिला है। भारतीय टीम एक बार फिर से इस टूर्नामेंट में टॉस हारी और साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसी के साथ टीम इंडिया के नाम भी अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। महिला वर्ल्ड कप में 43 साल पहले इंग्लैंड की टीम ने एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा टॉस गंवाए थे।

**महिला वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा टॉस हारने वाली टीमें**

इंग्लैंड- 13 में से 9 टॉस हारे, 1982
भारत- 9 में से 8 टॉस हारे, 2025
भारत- 12 में से 8 टॉस हारे, 1982
श्रीलंका- 7 में से सभी 7 टॉस हारे, 2000
साउथ अफ्रीका- 9 में से 7 टॉस हारे, 2025

11 वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही जीती हरमन टॉस
अगर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात करें तो उन्होंने पिछले 11 महिला वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही टॉस जीता है।

## स्कोर बोर्ड

### भारत

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| स्मृति मंधाना का जाफ्ता बो ट्रायोन | 45 |
| शेफाली वर्मा का लुस बो खाका | 87 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का वोल्वार्ड्ट बो खाका | 24 |
| हरमनप्रीत कौर बो म्लाबा | 20 |
| दीप्ति शर्मा रन आउट | 58 |
| अमनजोत कौर का एवं बो डि क्लार्क | 12 |
| रिचा घोष का डर्कसेन बो खाका | 34 |
| राधा यादव नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 12 **कुल योग :** 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन, **विकेट पतन :** 1-104, 2-166, 3-171, 4-223, 5-245, 6-292, **गेंदबाजी :** काप 10-1-59-0, खाका 9-0-58-3, म्लाबा 10-0-47-1, डि क्लार्क 9-0-52-1, लुस 5-0-34-0, ट्रायोन 7-0-46-1

### द अफ्रीका

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लौरा वोल्वार्ड्ट का अमनजोत बो दीप्ति | 101 |
| ताजमिन ब्रिट्स रन आउट | 23 |
| एनेक बॉशपगबाधा श्री चरणी | 00 |
| सुने लुस का एवं बो शेफाली | 25 |
| मरिजान काप का घोष बो शेफाली | 04 |
| सिनालो जापता का राधा बो दीप्ति | 16 |
| एनेरी डर्कसन बो दीप्ति | 35 |
| क्लो ट्रायोन पगबाधा दीप्ति | 09 |
| नाडिन डि क्लार्क का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 18 |
| आयोबोंगा खाका रन आउट | 01 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 14, कुल योग: 45.3 ओवर में सभी आउट 246 रन
**विकेट पतन :** 1-51, 2-62, 3-114,4-123, 5-148, 6-209, 7-220, 8-221, 9-246 **गेंदबाजी :** रेणुका 8-0-28-0, क्रांति 3-0-16-0, अमनजोत 4-0-34-0, दीप्ति 9.3-0-39-5, श्री चरणी 9-0-48-1, राधा 5-0-45-0, शेफाली 7-0-36-2



## खबर संक्षेप



### हाइलो ओपन से उन्नति बाहर भारत की चुनौती समाप्त

**सारब्रूकेन।** उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई। उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था।

### नॉर्थ कोस्ट ओपन सेमी फाइनल में हारीं रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथीरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को चार गेम में हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की खिलाड़ी ने 12-10, 5-11, 11-3, 11-3 से जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

**डब्ल्यूटीए फाइनल्स**

## स्वियातेक ने सीधे सेटों में कीज को आसानी से हराया



**रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है।

### भारत ने सा. अफ्रीका को हराया, पंत ने खेली दमदार पारी

**बेंगलुरु।** कप्तान ऋषभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े।



**पंत और बडोनी ने की आक्रामक बल्लेबाजी :** भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज गेंदबाज ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए।

### पाक ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज, बाबर ने लगाया अर्धशतक



**लाहौर।** बाबर आजम ने अपने करियर का 37वां अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने बाबर के 46 गेंदों पर 68 रन की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 139 रन ही बना सका था। दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी में पहला मैच 55 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान ने लाहौर में लगातार दो मैचों में जीत के साथ श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

*ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से पीटा, सीरीज में की बराबरी, डेविड और स्टोइनिस के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर बनाए 186 रन*

## वाशिंगटन-अर्शदीप के दम पर भारत की होबार्ट में जीत

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारत ने होबार्ट टी20 इंटरनेशनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। वाशिंगटन सुंदर की शानदार बैटिंग और अर्शदीप सिंह की कमाल की बॉलिंग के दम पर टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर तीसरे मुकाबले में जीत मिली। उसके सामने 187 रन का लक्ष्य था और जिसे नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सुंदर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड के 74 और मार्कस स्टोइनिस के 64 रन के दम पर छह विकेट पर 186 का स्कोर बनाया। उनके अलावा बाकी बल्लेबाज नहीं टिक पाए। अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 अहम विकेट चटकाए।

### अभिषेक ने तोड़ा शिखर धवन का रिकॉर्ड

ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली थी। हालांकि तीसरे टी20 मैच में अभिषेक सिर्फ 25 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए। अभिषेक अपनी इस पारी के दम पर भी एक बड़ा कारनामा करने में कामयाब रहे, जिसमें वह टी20 इंटरनेशनल में भारत की तरफ से एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनिंग बल्लेबाज बन गए हैं, जिसमें उन्होंने शिखर धवन के साल 2018 के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया। अभिषेक जहां अभी तक इस साल कुल 705 रन बना चुके हैं तो वहीं शिखर धवन ने साल 2018 में कुल 689 रन बनाए थे।



### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरे मैच में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट निकाले। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने वहां अब तक 7 पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रविचंद्रन आश्विन का नाम है। अश्विन ने 11 पारियों में 11 विकेट हासिल किए थे। हार्दिक पांड्या ने भी ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में 9 पारियों में 11 विकेट निकाले हैं। जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वह 8 पारियों में 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। तीसरे टी-20 में 3 विकेट लेकर अर्शदीप सिंह अब टॉप पर पहुंच गए हैं।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का इंग्लिस बो एलिस | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल पगबाधा बो इंग्लिस | 15 | 12 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एलिस बो स्टोइनिस | 24 | 11 | 1 | 2 |
| तिलक का इंग्लिस बो बार्टलेट | 29 | 26 | 1 | 1 |
| अक्षर का बार्टलेट बो एलिस | 17 | 12 | 1 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 49 | 23 | 3 | 4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 22 | 13 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:18.3 ओवर में पांच विकेट पर: 188 रन
गेंदबाजी: बार्टलेट 4-0-30-1, एबट 3.3-0-56-0, एलिस 4-0-36-3, कुहनेमन 4-0-31-0, स्टोइनिस 2-0-22-1, शॉर्ट 1-0-13-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 | 4 | 1 | 0 |
| मार्श का वर्मा बो चक्रवर्ती | 11 | 14 | 1 | 0 |
| इंग्लिस का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 7 | 0 | 0 |
| डेविड का वर्मा बो दुबे | 74 | 38 | 8 | 5 |
| ओवेन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का स्थानापन्न बो अर्शदीप | 64 | 39 | 8 | 2 |
| मैथ्यू शॉर्ट नाबाद | 26 | 15 | 2 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 186 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-3 , बुमराह 4-0-26-0, चक्रवर्ती 4-0-33-2, अक्षर 4-0-35-0, शिवम 3-0-43-1, अभिषेक 1-0-13-0

### सुंदर और जितेश शर्मा ने छठे विकेट के लिए की 43 रन की साझेदारी

सुंदर और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम की नैया पार लगा दी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी की। जितेश ने विजयी चौका लगाया। वे 13 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस 36 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

# न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले विलियमसन ने टी20 को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से कुछ दिन पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के लिए 93 टी-20 मैच खेलने वाले विलियमसन को हाल ही में 2026 के सत्र के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। संन्यास लेने की घोषणा करने के कारण इस 35 वर्षीय बल्लेबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया। विलियमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2575 रन बनाए लेकिन वह एक भी शतक नहीं लगा पाए। विलियमसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाए हैं।



### संन्यास का यह टीम और मेरे लिए सही समयः विलियमसन

*विलियमसन ने कहा, 'यह (टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना) कुछ ऐसा है, जिसका हिस्सा बनना मुझे शुरू से ही पसंद था। मैं इन यादों और अनुभवों के लिए बहुत आभारी हूं।'' उन्होंने कहा, 'इस प्रारुप को अलविदा कहने का यह टीम और मेरे लिए सही समय है। इससे टीम को आगे बढ़ाने और टी20 विश्व कप के लिए टीम तैयार करने में मदद मिलेगी।' विलियमसन ने कहा कि टेस्ट और वनडे को लेकर उनकी राय स्पष्ट है और उनका ध्यान अभी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला पर है, जिसका पहला मैच दो दिसंबर से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। उन्होंने कहा, 'मुझे इस टीम की बहुत परवाह है। न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना बहुत मायने रखता है, जिसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का आभारी हूं जिसने हमेशा मेरा पूरा समर्थन किया।'*

**2011 में टी20 में किया था पदार्पण :** वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की तैयारी के सिलसिले में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाए हैं। उनका औसत 33 है और उन्होंने 18 अर्धशतक लगाए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा ड्रोन हमला

# तुआप्से बंदरगाह पर हमले से रूस को भारी नुकसान

एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

यूक्रेन ने रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के काला सागर में स्थित तुआप्से बंदरगाह और तेल टैंकर को निशाना बनाया है। रात भर चले यूक्रेनी ड्रोन हमलों में बंदरगाह जल गया है। यूक्रेन का यह हमला हाल में किए गए बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। क्रास्नोडार के दक्षिणी क्षेत्र के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तुआप्से बंदरगाह में यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) के टुकड़े एक तेल टैंकर पर गिरे, जिससे डेक का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जहाज में आग लग गई। हालांकि चालक दल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तुआप्से बंदरगाह में तुआप्से काला सागर तेल टर्मिनल और रॉसनेफ्ट के नियंत्रण वाला तुआप्से तेल रिफाइनरी स्थित हैं। जिसे इस साल कई बार यूक्रेनी ड्रोन ने निशाना बनाया है।

**» 28 लाख टन डीजल और 16 लाख टन गैसोलीन की आपूर्ति करता है प्लांट**

**» पहले तेल पाइप लाइन को बनाया था निशाना**



बंदरगाह पर आग ही आग दिखाती एआई द्वारा बनाई गई तस्वीर।

### यूक्रेन ने लिया बदला

यूक्रेन का यह हमला हाल ही में उसके पूर्वी क्षेत्र में सैन्य उपकरणों की सप्लाई मार्ग वाले पुल को उड़ाये जाने के बाद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा किया गया था, जो रूस के क्रास्नोदार क्राय क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर चलाए गए ड्रोन अभियान का हिस्सा था। हाल के महीनों में कीव ने अपने हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है, ताकि रूस की ईंधन आपूर्ति और सैन्य रसद तंत्र को बाधित किया जा सके।

### रूस ने पानी में उतार दिया सबसे खतरनाक हथियार

यूक्रेन के साथ जारी जंग के बीच ही रूस ने पिछले दिनों पोसाइडन और ब्यूरवेस्टनिक को लॉन्च किया था। अब उसने एक खतरनाक हथियार को पानी में उतार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने एक नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है। इस पनडुब्बी को पोसाइडन को पानी के अंदर ले जाने के मकसद से डिजाइन किया गया है। पोसाइडन एक अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन है जिसे थोड़े दिन पहले ही रूस ने लॉन्च किया है।

## रेड क्रॉस ने चलाया बचाव अभियान

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में आग, बच्चों समेत 23 की मौत



मार्केट के बाहर का दृश्य।

एजेंसी ▶▶ हर्मोसिलो

मेक्सिको के सोनारा राज्य में भीषण आग ने त्योहारी खुशी को मातम में बदल दिया। जब हर्मोसिलो शहर के एक डिस्काउंट स्टोर में लगी आग से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब देश भर में 'डे ऑफ द डेड' उत्सव मनाया जा रहा था। एक ऐसा पारंपरिक पर्व जिसमें परिवार अपने दिवंगत प्रियजनों को याद करते हैं। रंग-बिरंगे जुलूस और मोमबत्तियों के बीच यह हादसा उत्सव को त्रासदी में बदल गया। सोनारा राज्य के अटॉर्नी जनरल गुस्तावो सालास ने बताया कि अधिकांश मौतें जहरीली गैसें सांस में लेने से हुईं, क्योंकि आग लगने के बाद धुआं तेजी से पूरे स्टोर में फैल गया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने शवों का परीक्षण शुरू कर दिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धमाका या आग लगने की वजह संभावित इलेक्ट्रिकल फॉल्ट बताई जा रही है।

## एनआईए की हरी झंडी के बाद बायसरन में बढ़ेगी चहल-पहल, दिखेगी केबल कार

**श्रीनगर।** एनआईए ने जम्मू-कश्मीर सरकार को पहलगाम के बायसरन इलाके में प्रस्तावित केबल कार परियोजना शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह वही इलाका है जहां 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने एनआईए से इस परियोजना पर अपनी राय मांगी थी, क्योंकि एजेंसी उसी आतंकी हमले की जांच कर रही है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया, हमें परियोजना को लेकर हमारी राय पूछी गई थी और हमने यह स्पष्ट किया है कि जांच के दृष्टिकोण से हमें कोई आपत्ति नहीं है।

## भूख से बिलखते लोगों का निवाला छीन रहा हमास, गाजा में खाने से भरा ट्रक लूटा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेंट्रल कमान ने एक ड्रोन फुटेज जारी की है, जिसमें हमास के संदिग्ध लोग दक्षिणी गाजा में एक मानवीय सहायता ट्रक को लूटते दिख रहे हैं। कमान ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "अमेरिका के सिविल-मिलिट्री कोऑर्डिनेशन सेंटर ने देखा कि हमास के संदिग्ध लोग एक मदद ट्रक को लूट रहे थे। यह ट्रक एक मानवीय काफिले का हिस्सा था जो उत्तरी खान यूनिस में गाजा के लोगों को इंटरनेशनल पार्टनर्स से जरूरी मदद पहुंचा रहा था। यह घटना 31 अक्टूबर को उत्तरी खान यूनिस के पास हुई, जहां एक अमेरिकी ड्रोन ने हमले को देखा।

## तालिबान की पाक को धमकी, इस्लामाबाद को जला देंगे, अहमदशाह अब्दाली को भूल गए क्या

**काबुल।** पाकिस्तान के साथ सीमा पर जारी तनाव के बीच अफगान तालिबान ने ऐसा काम किया है जिससे पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर तिलमिला उठे। अफगान तालिबान के सदस्यों ने हाल ही में एक सैन्य परेड के दौरान पाकिस्तानी सेना को धमकी दी हैं। ये धमकी सीधी न होकर कविताओं के माध्यम से आई है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसमें पाकिस्तान को चेतावनी दी गई कि अगर काबुल पर फिर हमला किया गया तो तालिबान 'इस्लामाबाद को जलाकर' और लाहौर में अपना सफेद झंडा फहराकर जवाब देगा।







Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

VML 5840 2025